

इस साल कमलप्रीत का प्रदर्शन शानदार रहा है

इस साल शानदार फॉर्म में चल रही कमलप्रीत ने दो बार 65 मीटर का आंकड़ा पार किया है। उन्होंने मार्च में फेडरेशन कप में 65.06 मीटर का थ्रो फेंककर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 65 मीटर पार करने वाली पहली भारतीय हैं। इसके बाद जून में इंडियन ग्रां प्री 4 में अपना ही राष्ट्रीय रेकॉर्ड बेहतर करते हुए उन्होंने 66.59 मीटर का थ्रो फेंका।

## कमलप्रीत कौर का पहला थ्रो बेहतरीन, 61.62 दूर फेका डिस्कस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। भारतीय महिला डिस्कस थ्रो एथलीट कमलप्रीत कौर आज तोक्यो ओलिंपिक में इतिहास रच सकती हैं। मुकाबला शुरू हो चुका है। कमलप्रीत कौर मैदान पर आ चुकी हैं। चीन की खिलाड़ी ने सबसे पहले थ्रो किया।
कमलप्रीत ने क्वालीफिकेशन में 64 मीटर दूर चक्का फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। यदि कमलप्रीत पदक जीतने में सफल रहती हैं तो यह ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला मेडल होगा। बारिश के कारण मैच बाधित हो गया है। कमलप्रीत कौर का पांचवा प्रयासरू कमलप्रीत कौर ने अपने पांचवे प्रयास में 61.37 डिस्कस थ्रो किया। 4 प्रयासों के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के वालेरी ऑलमैन अभी भी 68.98 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर हैं, इसके बाद क्यूबा के याइम पेरेज (65.72 मीटर) और जर्मनी के क्रिस्टिन पुडेन्ज (65.34 मीटर) हैं। कमलप्रीत कौर (63.70 मीटर) छठे नंबर पर हैं। भारत की कमलप्रीत कौर अंतिम–8 पर पहुंच चुकी हैं।

# महिला हॉकी में भारतीय शेरनियों का कमाल

**ओलिंपिक**

### पहली बार ओलिंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने तोक्यो ओलिंपिक के अंतिम 4 का टिकट कटा लिया है। भारतीय टीम ओलिंपिक इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। भारत ने वर्ल्ड नंबर दो ऑस्ट्रेलिया को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।
गुरजीत कौर के गोल और गोलकीपर सविता की अगुआई में रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हॉकी टीम ने तोक्यो ओलिंपिक खेलों के क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया को 1–0 से हराकर पहली बार ओलिंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया।
सेमीफाइनल में उसका सामना बुधवार को अर्जेंटीना से होगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3–0 से हराया। गुरजीत ने 22वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर



महत्वपूर्ण गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी जिसमें वह सफल भी रही।
गोलकीपर सविता ने बेहतरीन खेल दिखाया और बाकी रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। आखिरी दो क्वॉर्टर में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार हमले किए लेकिन भारतीयों ने उन्हें अच्छी तरह से नाकाम किया।
भारतीय टीम का ओलिंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले मॉस्को ओलिंपिक 1980 में था जबकि टीम चौथे स्थान पर रही थी लेकिन तब केवल छह टीमों ने हिस्सा लिया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे।
रानी रामपाल की अगुआई वाली टीम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि पूल चरण में उसे शुरू में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम अपने पूल में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड को हराकर चौथे स्थान पर रही थी जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने पूल में शीर्ष पर रहा था।
**38वें स्थान पर रहीं दुती चंद:** भारत की स्टार स्प्रिंटर दुती चंद 200 मीटर के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाईं। हीट्स में 23.85 का समय निकालने के बाद वह 41 खिलाड़ियों में 38वें स्थान पर रहीं। दुती का यह सीजन का बेस्ट प्रदर्शन है।

## जो केपीएल में खेलेगा, उसे कर दिया जाएगा हमेशा के लिए बैन: बीसीसीआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने कश्मीर प्रीमियर लीग यानी केपीएल को मंजूरी दी है। इस टी20 लीग का आयोजन गुलाम कश्मीर के मुजफ्फराबाद क्रिकेट स्टेडियम में 6 अगस्त से होना है। इस लीग में पाकिस्तान के तमाम क्रिकेटर खेलने वाले हैं और कुछ विदेशी खिलाड़ियों के भी खेलने की उम्मीद है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ को इससे ऐतराज है, क्योंकि इस टूर्नामेंट आयोजन विवादित क्षेत्र में हो रहा है।
कश्मीर प्रीमियर लीग को लेकर बीसीसीआइ ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी का भी रुख किया था, लेकिन

> बीसीसीआइ को ऐतराज है, क्योंकि टूर्नामेंट आयोजन विवादित क्षेत्र में हो रहा है

आइसीसी के एक प्रवक्ता ने कहा है कि ये आइसीसी के अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है। जीईओ न्यूज से बात करते हुए आइसीसी के प्रवक्ता ने कहा है, ये टूर्नामेंट आइसीसी के अधिकार क्षेत्र में नहीं है, क्योंकि एक इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है। आइसीसी के क्लॉज 2.1.3 के तहत कोई भी राष्ट्रीय क्रिकेट संघ अपने क्षेत्र में घरेलू क्रिकेट आयोजित कर सकता है।
आइसीसी केवल क्लॉज 2.1.4 के अनुसार हस्तक्षेप कर सकता है, यदि मैच किसी सहयोगी सदस्य के क्षेत्र के क्षेत्र में आयोजित किए जाने हैं। इसी को लेकर बीसीसीआइ ने मुद्दे आइसीसी के सामने उठाया था। पीसीबी का मानना है कि वो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लीग का आयोजन कर रहे हैं, जिस तरह 1983 और 1986 में भारत ने श्रीनगर में वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी की थी। ये मामला उस समय सामने आया जब साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हर्शल गिब्स ने ट्वीट करते हुए कहा था कि बीसीसीआइ उनको कश्मीर प्रीमियर लीग में खेलने से रोक रही है और धमकी दे रही है कि अगर वे केपीएल में खेलते हैं तो फिर उनको भारत में किसी भी तरह से क्रिकेट के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा। यहां तक कि अब एक अधिकारी ने भी इसी तरह का बयान दिया है, जो कि एक चेतावनी है।

## शूटिंग में भारतीय चुनौती खत्म, ऐश्वर्य और संजीव राजपूत फाइनल में जगह बनाने से चूके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और संजीव राजपूत पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे जिससे रियो ओलिंपिक के बाद तोक्यो ओलिंपिक से भी भारतीय निशानेबाजों का खाली हाथ लौटना तय हो गया। ऐश्वर्य असाका निशानेबाजी रेंज में नीलिंग में 397, प्रोन में 391 और स्टैंडिंग में 379 अंक से कुल 1167 अंक जुटाकर 21वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए।
अनुभवी निशानेबाज राजपूत ने भी निराश किया और नीलिंग में 387, प्रोन में 393 तथा स्टैंडिंग में 377 अंक से कुल 1157 अंक जुटाए। वह 39 निशानेबाजों के बीच 32वें स्थान पर रहते हुए क्वालीफिकेशन से ही बाहर हो गए। पचास मीटर राइफल थ्री पोजीशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग तीनों वर्ग की 10–10 निशानों की चार–चार सीरीज होती है। निशानेबाज प्रत्येक सीरीज में अधिकतम 100 अंक हासिल कर सकता है। क्वालीफिकेशन के बाद शीर्ष आठ निशानेबाज फाइनल में जगह बनाते हैं।

## न्यूज डायरी



### भारतीय क्रिकेटरों ने महिला हॉकी टीम को इतिहास रचने पर दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सोमवार 2 अगस्त का दिन भारतीय महिला हॉकी टीम के नाम रहा। भारत ने तीन बार की ओलंपिक गोल्ड विजेता ऑस्ट्रेलिया की टीम को टोक्यो ओलंपिक 2020 के क्वार्टर फाइनल में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजीत कौर ने एकमात्र गोल किया, जो अपने आप में ऐतिहासिक रहा, क्योंकि इसी गोल के दम पर भारतीय महिला टीम 1–0 से जीतने में सफल रही है।
बता दें कि भारतीय महिला हॉकी टीम पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंची है और इस तरह महिला हॉकी टीम ने इतिहास रचा है। इसी उपलब्धि के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को इंटरनेट पर जमकर बधाई मिल रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम को क्रिकेट जगत ने भी बधाई दी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ऑस्ट्रेलिया पर चुटकी लेते हुए उनकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो कह रहे हैं कि भारत को कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए। वहीं, पंजाब किंग्स के बल्लेबाजी कोच और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई खास अंदाज में दी है।

### गलतियों से सीखा है, जिससे आगे बढ़ने में मदद मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत मैच विनर के रूप में मशहूर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतों में अहम भूमिका निभाने वाले पंत कहते हैं कि गलतियों से सीखा है, जिससे आगे बढ़ने में मदद मिली है। उन्होंने बीसीसीआई टीवी को दिए बयान में साथ ही बताया कि कौन से वे 4 शख्स हैं, जिनसे वह प्रोफेशनल करियर में सलाह लेते हैं। इस लिस्ट में कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा रविचंद्रन अश्विन और कोच रवि शास्त्री हैं। पंत ने कहा कि वह बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए सभी शीर्ष क्रिकेटरों से सीख लेने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, "मैं रोहित भाई से बहुत बात करता हूं जैसे कि खेल के बारे में कि पिछले मैच में हमने क्या किया और आगे के मैचों में हम क्या कर सकते हैं। मैं अपने खेल में क्या नया जोड़ सकता हूं।' इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, "मैं विराट भाई से भी तकनीकी ज्ञान लेता हूं।

### बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार से ढाका में शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान हो गया है। इस टी20 सीरीज के लिए मैथ्यू वेड को कप्तान बनाया गया है, क्योंकि पिछले महीने वेस्टइंडीज के दौरे पर घुटने की चोट लगने की वजह से नियमित कप्तान आरोन फिंच को दौरे से बाहर होना पड़ा था। आरोन फिंच को घुटने की सर्जरी कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट पड़ा है। आरोन फिंच की अनुपस्थिति में 33 वर्षीय मैथ्यू वेड को कप्तानी सौंपी गई है, जो कि दूसरी बार कप्तान बनाए गए हैं। अपने करियर में दूसरी बार उनको कप्तान का आर्म–बैंड दिया गया। इससे पहले दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया में भारत के साथ दूसरे टी20 मैच के दौरान मैथ्यू वेड को टीम का नेतृत्व करने का मौका मिला था। मैथ्यू वेड ने कहा है, मैं विकेटकीपिंग करने जा रहा हूं, इसलिए गेंदबाज और मेरे बीच की दूरी काफी ज्यादा है।

### इंग्लिश क्रिकेटर ने कश्मीर प्रीमियर लीग से नाम वापस लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुलाम कश्मीर में 6 जून से आयोजित कराए जाने वाले कश्मीर प्रीमियर लीग को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस लीग के शुरू होने से ठीक पहले अब इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इससे अपना नाम वापस ले लिया है। पनेसर ने कहा कि, वो इस समय भारत व पाकिस्तान के किसी भी मामले में नहीं पड़ना चाहते हैं। कश्मीर प्रीमियर लीग का आयोजन पीसीबी करवा रहा है और उनके तरफ से आरोप लगाए जा रहे हैं कि, बीसीसीआइ इस लीग में हिस्सा नहीं लेने के लिए खिलाड़ियों पर दवाब बना रही है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड का कहना है कि, वो सबकुछ नियम के हिसाब से कर रहे हैं।